सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 29 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की पहल पर राजभवन सभागार में महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान के क्रम में मंगलवार दिनांक 30 अप्रैल, 2024 को उत्तराखंड मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा 'महिला स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर परीक्षण शिविर' का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य को संवेदनशीलता से देखने का एक प्रयास है और कैंसर के पहचान और उसके निदान में मदद करने का उद्देश्य रखता है।

कार्यक्रम में एम्स–ऋषिकेश के महिला एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर जया चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण एवं बचाव पर महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर दून मेडिकल कॉलेज की स्तन कैंसर विशेषज्ञ डॉ. नेहा महाजन स्तन कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव पर व्याख्यान देंगी।

इस अवसर पर भारतीय सेना के परिवारों से आमंत्रित महिलाएं, राजभवन के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी, विद्यार्थी एवं शिक्षक आदि उपस्थित रहेंगे।

..........0...........